हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 30 दिसंबर 2023



06 1 लाख 88 हजार की लागत से बनी रिटर्निंग...

08 शिकायत के बाद जांच करने पहुंची टीम घटिया...


### गुना हादसे के बाद कार्रवाई में आपातकालीन खिड़की की जांच, सीटें हटवाईं, जगह बनवाई

# जान बचाने की जगह धन कमाने का जरिया बन गई थी आपातकालीन खिड़की

27 दिसंबर को हुए गुना में हुए सड़क हादसे से सबक लेते हुए नर्मदापुरम जिले में आरटीओ तथा यातायात विभाग ने शुक्रवार को शहर में कई जगह बसों की चैकिंग अभियान चलाया गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बस में सफर करना जोखिम से कम नहीं है। पिछले दिनों हुए गुना हादसें ने इसकी पोल खोलकर रख दी है। ऐसे में लोग अब सफर करने से खौफ खा रहे हैं। बहुत मजबूरी में लोग बसों में सफर कर रहे हैं। ऐसे में जब कभी भी हादसा होता है तभी प्रशासन जागता है और बसों की जांच की बात कहता है। लेकिन बसों की फिटनेस में दिखावा किया जाता है। सेटिंग से अनफिट बसें भी फिट घोषित कर दी जाती हैं। जब कभी हादसा होता है तो इसकी पोल खुल जाती है। गौरतलब है कि जिले की सड़कों पर दौड़ने वाली बसों में आपातकालीन खिड़की या कहें इमरजेंसी विंडो होना अनिवार्य है। लेकिन इसकी जगह सीटे लगा दी जाती हैं और यहां पर मुसाफिरों को बैठाया जाता है यानि इमरजेंसी विंडो पैसा कमाने का जरिया बनती है। गुना हादसे के बाद प्रशासन सकते में है और शुक्रवार की अलसुबह से ही बसों की जांच कर रहा है। आरटीओ और यातायात का संयुक्त अमला सुबह इटारसी, दोपहर में तवा ब्रिज और शाम को पंखी तिराहे हरदा रोड पर जांच करने पहुंचा। जिसमें ए टू जेड बसों की जांच की गई। संयुक्त अमले की जांच में आपातकालीन खिड़की को परखा। हालांकि शुक्रवार सड़कों पर दौड़ने वाली अमूमन बसों में आपातकालीन खिड़की ठीकठाक दिखाई दी और उसके पास लगी सीटों को भी जांच के पहले ही बस संचालकों ने हटवा लिया गया। इस दौरान फिटनेस और बगैर परमिट के वाहन भी पकड़ाए,सबसे अधिक चालान प्रेशर हॉर्न के बनाए गए। वहीं इमरजेंसी विंडो, टायरों की हालत की भी जांच की जा रही है। ताकि गुना जैसा हादसा नर्मदापुरम जिले में न घटित हो।

#### हादसे के बाद जांच की रस्म अदायगी

जब भी कोई बस हादसा होता है, परिवहन विभाग एक निर्देश जारी कर देता है। 27 दिसंबर की रात भीषण सड़क हादसे ने कई सवाल पीछे छोड़ रखे हैं। लेकिन उसके अगले ही दिन बसों की जांच करने पूरा परिवहन विभाग और यातायात विभाग का अमला सड़कों पर उतरकर कार्रवाई करने की रस्म अदायगी करने लगा है। शुक्रवार को ज्वांइट चैकिंग में बसों की जांच की गई।



#### जांच के दौरान इटारसी में मिली इंमरजेंसी विंडो जाम




**इटारसी।** शुक्रवार को नर्मदापुरम-बैतूल मार्ग पर संयुक्त टीम ने मैराथन कार्रवाई की और बसों की फिटनेस जांची। इस दौरान अर्थदंड भी लगाया और चेतावनी के साथ सुधार की मोहलत भी दी। साथ ही लापरवाही पर बस आपरेटर्स को बहस करने पर परिवहन अधिकारी ने लताड़ भी लगायी। इटारसी में सबसे पहले शहर के प्रवेश द्वार धौंखेड़ा तिराहे पर डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा और आरटीओ निशा चौहान की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर इस रोड पर चलने वाली बसों की सघन जांच की। बसों में जो कमी मिली उनको दुरुस्त करने के निर्देश के साथ जुर्माना भी लगाया। बसों में अग्निशमन यंत्र, आपात खिड़की जैसी जरूरी चीजें जांची। कुछ बसों में अग्निशमन यंत्र नहीं मिले, कुछ बसों में आपात खिड़की के साथ ही सीटें लगी थीं, आपात खिड़की भी जाम थीं, जो जोर से धक्का देने के बाद भी नहीं खुल रही थी। ऐसी ही एनपी ट्रांसपोर्ट बस सर्विस के संचालक ने आरटीओ से बहस करने की कोशिश की तो आरटीओ निशा चौहान ने उसकी क्लास लगाकर उसे जमकर लताड़ लगायी। टीम ने धौंखेड़ा तिराहे के बाद ओवरब्रिज तिराहे का रुख किया और यहां भी बसों की जांच की। टीम इटारसी बस स्टैंड पहुंची और बसों के भीतर जाकर गहन जांच की गई। इस दौरान ऐसी कोई बस नहीं मिली जो पूर्णतः नियम से चल रही हो। सभी में कुछ न कुछ कमी मिली जो उनको दुरुस्त करने के निर्देश भी दिये। सिटी पुलिस की टीम ने भी टीआई गौरव बुंदेला के नेतृत्व में बसों की जांच की और यातायात नियमों का पालन हो रहा है या नहीं, यह देखा। बसों की जांच का यह सिलसिला जारी है जो शाम तक चलेगा।

# लोस चुनाव में हर बूथ जीतने और 51 प्रतिशत वोट शेयर को लेकर कार्य करें कार्यकर्ता: सीमा सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारियों से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं ने जिले की चारो विधानसभा चुनाव में बहुत अच्छा कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की कुशल चुनाव रणनीति और भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल की संगठन शक्ति के साथ कार्यकर्ताओं की मेहनत से विधानसभा चुनाव जीता है। लोकसभा चुनाव में हर बूथ को जीतने का लक्ष्य लेकर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्य करें। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव-गांव और हर बूथ पर जाकर जनता से संपर्क करें उक्त बात शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नर्मदापुरम जिला प्रभारी सीमा सिंह ने कही। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा और पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ हितग्राहियों को दिलाएं। जिले के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता नमो एप से जुड़े, नमो एप में विकसित भारत एंबसेडर बनें और 100 डेज चैलेंच लें। इसके साथ हर कार्यकर्ता नमो एप से कम से कम दस व्यक्तियों को जोड़ें। उन्होंने कहा 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम विराजमान होने वाले है हम सबको 22 जनवरी की शाम को अपने घरों के बाहर 11 दीपक जलाकर दीपावली जैसा उत्सव मनाना है साथ ही अपने आस पास के मंदिर को उस दिन अयोध्या धाम की तरह सजाये।

#### फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर

**नर्मदापुरम।** जिले के किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी मौसम 2023-24 में अधिसूचित फसलों का बीमा 31 दिसंबर तक करवा सकते है। फसल बीमा कराने के लिए कृषकबंधु बैंक, समितियों के माध्यम से अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते है। उप संचालक कृषि जेआर हेडाऊ ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार बीमा कराने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। किसान भाई निर्धारित तिथि तक संबंधित बैंको, समिति में अपनी फसल का बीमा करा सकते है। रबी मौसम के लिए प्रीमियम राशि स्केल ऑफ फायनेंस का 1.5 प्रतिशत देय है। अऋणी कृषक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा संबंधित बैंक शाखा एवं लोकसेवा केंद्र के माध्यम से करवा सकते है।

# लायंस क्लब ने जरूरतमंदों को किए ब्लेंक कैट वितरित




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लायंस क्लब नर्मदापुरम आयुष द्वारा लायंस इंटरनेशनल डिसट्रिक्ट 3233-जी-2 द्वारा प्राप्त ब्लेंक कैट का वितरण शुक्रवार को सेठा मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल नर्मदापुरम में किया गया। जिसमें 25 जरूरतमंदों को ब्लेंक कैट दिए गए इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ शैलेंद्र नेमा, क्लब सचिव लायन मोहम्मद आदिल फ़ाज़ली, क्लब कोषाध्यक्ष लायन गिरधारी लाल यादव, सहसचिव एमजेएफ लायन शाहिद खान, निवर्तमान अध्यक्ष लायन अंबर सेठा, लियो जाबिर फ़ाज़ली, टी आर अग्रवाल उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने सीईओ जनपद बनखेड़ी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और जीवन ज्योति बीमा योजना के प्राप्त आवेदनों की जनपदवार जानकारी ली। उन्होंने सर्वे कर ग्रामीणों के उक्त बीमा योजनाओं में आवेदन कराने के निर्देश सभी जनपद सीईओ दिए। उन्होंने कम प्रगति वाले सीईओ जनपदों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने हर घर जल सर्टिफिकेशन की कार्यवाही की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में स्वामित्व योजनांतर्गत ग्राउंड ट्रूथिंग की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने ग्राउंड ट्रूथिंग में संतोषजनक प्रगति न होने पर तहसीलदार नर्मदापुरम ग्रामीण, इटारसी, सिवनीमालवा और माखननगर से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। सीमांकन के प्रकरणों की भी कलेक्टर ने तहसीलवार समीक्षा कर सख्त निर्देश दिए कि सीमांकन में लापरवाही पर संबंधित पटवारी के निलंबन के साथ संबंध तहसीलदार की भी जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण में तहसीलदार पिपरिया, बनखेड़ी और डोलरिया को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जनपद और निकायवार आयुष्मान के स्वीकृत और लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने की कम प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि आगामी 5 दिवस में सभी पात्रों के कार्ड बनाएं जाए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड में कम प्रगति और काम में लापरवाही पर सीईओ जनपद बनखेड़ी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिपं सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतार देख हुए नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन सतत जारी हैं। शुक्रवार को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने तहसील बनखेड़ी में खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर धान खरीदी का जायजा लिया। सबसे पहले कलेक्टर में ग्राम बाचावानी के सेवा सहकारी समिति पलिया पिपरिया खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां धीमी खरीदी होने से ट्रैक्टर ट्रालीयों की लंबी कतार लगने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने उपायुक्त सहकारिता एवं उपार्जन संबंधी अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी केंद्र पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर खरीदी में गति लाएं। उन्होंने केंद्र पर बारदाने खोलकर खरीदी गई धान की गुणवत्ता भी देखी। इस दौरान कलेक्टर ने केंद्र पर पेयजल फ्लेक्स आदि मूलभूत व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। खरीदी केंद्र पलियापिपरिया में पेयजल की उचित व्यवस्था न होने पर उन्होंने अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि केंद्र पर किसानों को कोई परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान रखें। केंद्र पर पेयजल सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। इसके बाद कलेक्टरने ग्राम नयाखेड़ा के खरीदी केंद्र सेवा सहकारी समिति बनखेड़ी पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यहां किसानों से चर्चा कर खरीदी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने केंद्र पर सुचारू रूप से धान खरीदी करने और केंद्र पर आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश समिति प्रबंधक को दिए। उन्होंने केंद्र पर खुले में रखी खरीदी गई उपज को शीघ्र गोदाम में रखवाने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम म्हालनवाड़ा के मछेराकल खरीदी केंद्र का निरीक्षण। उन्होंने किसानों से चर्चा के दौरान केंद्र पर खरीदी एवं अन्य व्यवस्थाएं सही पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम पिपरिया संतोष कुमार तिवारी, जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति जैन, उपायुक्त सहकारिता शिवम मिश्रा, डीएमओ देवेंद्र यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बोले खरीदी केंद्रों पर किसानों को कोई परेशानी न हो।
- औचक निरीक्षण पर पहुंचे बनखेड़ी और पलिया पिपरिया।
- किसानों को आधार भूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं

#### कलश यात्रा के साथ रामकथा प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समीपस्थ ग्राम आरी में बाल व्यास सद्भाव तिवारी द्वारा सप्त दिवसीय मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम कथा का प्रारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर कलश यात्रा के साथ अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अक्षत कलश की शोभायात्रा भी निकाली गई। ज्ञात रहे कि कथा व्यास सद्भाव तिवारी जी का गृह ग्राम भी आरी है। बाल्यकाल से ही भगवान राम में उनकी अगाध श्रद्धा रही है। वे अपने दादाजी के सानिध्य और अपने विद्यालय समेरिटंस स्कूल के शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्वाध्याय करते रहे हैं। वे अब तक दर्जनों कथा कर सके हैं।

### लोक कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने भरा रंग, निरंतर आयोजित होगी अनेक पर्यटन संबंधी गतिविधियां

# पचमढ़ी नवरंग का आगाज: लोकनृत्य की प्रस्तुतियों ने बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/पचमढ़ी

जिले के सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में शुक्रवार को पचमढ़ी नवरंग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। हाट बाजार पचमढ़ी में विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी, साडा अध्यक्ष कमल धूत, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में लोक कलाकारों द्वारा प्रदेश के विविध लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में रंग भरा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध बांसुरी वादक प्रदेश के छतरपुर निवासी कन्हियालाल विश्वकर्मा द्वारा परम्परागत गीतों पर सुमधुर प्रस्तुतियां दीं। कन्हियालाल की स्व निर्मित बासुरी के सुरों से पचमढ़ी की वादियां गूंज उठीं। इसके बाद लोक कलाकार राजेंद्र सिंह और उनकी टीम ने एक बाद एक बधाई, नोरता, राई ,जवारा एवं जनजातीय लोक नृत्य बासुरिया की मन मोहक प्रस्तुतियां दी गई। 25 कलाकारों के समूह द्वारा यह शानदार प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की छात्रों के द्वारा मध्यप्रदेश गान से किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंचल जैसवाल ने किया।



#### पचमढ़ी की फिजाओं में पारंपरिक व्यंजनों की महक

पचमढ़ी नवरंग अंतर्गत हाटबाजार पचमढ़ी में तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल का शुभारंभ हुआ। जिसमें कृषि, उद्यानिकी और स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अनेक पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाएं गए। जिसका पर्यटकों ने लुत्फ उठाया।



#### पर्यटकों के स्वागत सत्कार में कोई कमी न रहें : विधायक

पिपरिया विधायक ठाकुर दास नागवंशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नर्मदापुरमवासी सौभाग्यशाली है कि हमारे क्षेत्र में प्रदेश का सुप्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी है। साल भर देश विदेश से सैलानी यहां आते हैं। उन्होंने पचमढ़ीवासियों और स्थानीय प्रशासन से आग्रह किया कि पचमढ़ी आने वाले पर्यटकों के स्वागत सत्कार में कोई कमी नहीं आने दे। पचमढ़ी के और विकास के लिए पर्यटकों से सुझाव भी आमंत्रित करें। उन्होंने सभी को आने वाले नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कर्नल श्री लिंगा, नवनीत नागपाल, पवन झा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में पर्यटक उपस्थित रहें।



## ग्राम पंचायत में होने वाले निर्माण कार्य कुछ ही माह में दम तोड़ते नजर आते

# 1 लाख 88 हजार की लागत से बनी रिटर्निंग वाल में चंद महीनों में आई दरार, निर्माण कार्य में धांधली?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

ग्राम पंचायत में होने वाले निर्माण कार्य कुछ ही माह में दम तोड़ते नजर आते हैं। पंचायत में होने वाले निर्माण कार्य मे बराबर मॉनिटरिंग ना होना या निर्माण एजेंसी को खुली छूट देने जैसी बात सामने आते रहती हैं। जनपद पंचायत आमला कि ग्राम पंचायत ठानी के ग्राम बुचनवाड़ी के शमशान घाट के बाजू में पांचवा राज्य वित्त आयोग मद से 1 लाख 88 हजार की लागत से रिटर्निंग वाल का निर्माण किया गया हैं।

इस निर्माण कार्य मे उपयोग में लाई गई सामग्री घटिया होने से चंद माह में हि दरार आ गई हैं। जिसकी चलते यह वाल कभी भी गिर सकती है। निर्माण में मिट्टी युक्त भस्वा रेत ओर डस्ट का इस्तेमाल हुआ हैं। जिसके चलते लंबे समय तक टिके रहने वाले निर्माण कुछ माह में ही खस्तहाल हो जाते हैं।जनपद में जिस तरह से इंजीनियरिंग चल रही है उस पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं,क्योंकि निर्माण एजेंसी भले ग्राम पंचायत रहे लेकिन निर्माण की मॉनिटरिंग देखरेख की जिम्मेदारी उपयंत्री कि होती है। इसके बावजूद भी निर्माण कार्य मे धांधली कर जनता के पैसे की बर्बादी हो जाती हैं।

### सीसी जारी नहीं

अभी मूल्यांकन और सीसी जारी नही हुई है।

**चंद्रशेखर करोले**
उपयंत्री जनपद पंचायत आमला।

### इनका कहना है

बारिश के पहले काम शुरू करा था बड़ी नदी है वो नीचे रेत वाला पोरशन खिशक गया होगा।

**राजेन्द्र गंगारे**
सचिव ग्राम पंचायत ठानी।

### भराव में भी बरती धांधली



रिटर्निंग वाल के बाजू से जो भराव किया जाना था वह भी नही किया गया हैं। वाल के बाजू मे गड्ढा दिखाई दे रहा है जबकि इसमें पूरा भराव भरकर वाल तक मिलाना चाहिए था। खास बात यह है कि बजरी कि सप्लाई के बिल का भुगतान 2800 हजार रुपए इवने ट्रेडर्स को किया गया हैं।

### सामग्री भुगतान के बिल की होना चाहिए जांच



*मिली जानकारी के अनुसार आस-पास की नदी नाले से मिट्टी युक्त रेत लाकर ग्राम पंचायत निर्माण में उपयोग करती है और उसी सामग्री का बिल जिस वेण्डर से लगवाए जाते हैं। उसे महंगे दाम का भुगतान कर चांदी काटी जा रही हैं? जो बिल में सामग्री का उल्लेख है उसका उपयोग निर्माण स्थल में मानक के अनुसार किया है या नही इसकी जांच की जानी चाहिए।*

### कार्य स्थल पर नहीं लगा निर्माण बोर्ड

*शासन के सख्त निर्देश के बावजूद भी निर्माण स्थल पर बोर्ड नही लगा हुआ हैं जबकि नियमानुसार किसी भी निर्माण कार्य के शुरू होने के पहले सिटीजन इन्फॉर्मेशन बोर्ड लगाया जाना होता है जिसका बकायदा एस्टीमेट में उल्लेख भी रहता हैं।चेक डेम में 3600 रुपये की लागत से एक बोर्ड लगाना था। निर्माण से संबंधित सभी जानकारी को बोर्ड पर अंकित कर इसे लगाया जाता हैं,ताकि जो कार्य चल रहा हैं यह किस योजना और लागत,कार्य प्रारंभ और पूर्ण करने तथा अन्य जानकारिया रहती है। जिससे आम लोग भी इस निर्माण के बारे में जान सकते हैं और पारदर्शिता भी बनी रहती है। परंतु यह पर बोर्ड लगा ना होना अपने आप मे कई सवाल खड़े करता हैं वैसे ये शासन के नियमो का खुला उलंधन है।*

## 50 हजार मछली ले गए मछली व्यापारी

# सूर्यनारायण सरोवर से हो रहा मछली का व्यापार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

अमरावती रोड पर स्थित सूर्य नारायण सरोवर के निर्माण और सुधार पर अब तक नगर पालिका करोड़ों रुपए खर्च कर चुकी है किंतु नतो यह सरोवर की उपयोगिता सिद्ध हो पा रही है और ना ही इसमें पानी का भराव ही हो पा रहा है और गंभीर बात यह है कि इस सूर्यनारायण सरोवर में लंबे समय से मछली पालन और मछली व्यवसाय किया जा रहा है और महत्वपूर्ण बात क्या है कि इसकी जानकारी नगर पालिका में किसी को भी नहीं है।

आज मछली व्यवसाय से जुड़े एक दर्जन से अधिक लोगों ने सूर्य नारायण सरोवर पहुंचकर जाल के माध्यम से बड़ी संख्या में मछली निकाल कर 807 जीप के माध्यम से बाहर ले गए। हमने जब इन लोगों से चर्चा की तो इन लोगों का कहना था वह किसी ताप्ती समिति के सदस्य है और उन्होंने सूर्य नारायण सरोवर में जून माह में 5 लाख मछली के बीज डाले थे अब सूर्यनारायण सरोवर में पानी कम हो गया है इसलिए यह बीज निकाल कर चंदोरा बांध ले जा रहे हैं। यह पूछे जाने पर की सूर्य नारायण सरोवर से निकल गए बीजों की संख्या कितनी होगी उन्होंने इसकी संख्या लगभग 50 हजार बताई है जिसे चंदोरा बांध ले जाया गया है। यह पूछे जाने पर की क्या सरोवर के उपयोग की



### नगर पालिका को नहीं है जानकारी

परमिशन नगर पालिका से ली गई है किसी ने भी इसका सही उत्तर नहीं दिया ।जानकार बताते हैं कि पूरे वर्ष यहां पर मछली निकाल कर बेची जाती है और सूर्य नारायण सरोवर से मछली का व्यापार होता है । जब तक सरोवर में पानी होता है बड़ी मछली निकाल ली जाती है और जब पानी बहुत कम हो जाता है तो डाले गए बीज जो कि मछली का आकर ले चुकी है को भरकर दूसरे बांध में विस्तार के लिए ले जाया जाता है।

### कार्रवाई की जाएगी

नगर पालिका ने सूर्य नारायण सरोवर से किसी को भी मछली व्यवसाय की स्वीकृति नहीं दी है। उक्त मामला देखने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**आर के इवनाती**
नगर पालिका अधिकारी मुलताई

---

प्रतिदिन हो रहा है चोरों का खदान में आतंक

# छतरपुर टू खदान में फिर चोरों ने बोला सामूहिक धावा



**सारनी।** वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की भूमिगत खदानों में लगातार चोरों के माध्यम से धावा बोलकर सुरक्षा प्रहरियो को बंधक बनाकर लोहा कॉपर केवल सहित अन्य कीमति सामान लूट कर ले जाने में सफल हो जा रहे हैं।बीती रात को छतरपुर टू खदान में लगभग रात 2 बजे के लगभग 15 से 20 हथियार बंद चोरों ने खदान प्रांगण की दीवार को तोड़कर खदान में प्रवेश करके वहां से लोहा सहित कीमति कॉपर के सामान चोरी करके ले जाने में सफल हुए हैं।बताया जाता है की सुरक्षा प्रहरियों ने रात के अंधेरे का लाभ उठाकर अपनी जान बचाने का काम किया है।उसके बाद उनके द्वारा वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के गश्ती टीम को जानकारी देकर मौके पर बुलाने का काम किया तब तक हथियारबन नकाबपोश छतरपुर टू खदान प्रांगण से भागने में सफल हो गए थे।अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर कौन लोग हैं जो बार-बार वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की भूमिगत खदान को निशाना बना रहे हैं और उन्हें कैसे पता चलता है कि किस स्थान पर कौन-कौन सी कीमती सामान रखे हुए हैं ऐसी स्थिति में वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षा महक में की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा होने लगा है।वेकोलि के आल्हा अधिकारियों को भूमिगत खदानों में चोरों के घुसने की जानकारी होने के बाद भी उनके माध्यम से कोई ठोस कार्रवाई न करना संभवत इस तरह की घटनाओं को बढ़ावा देना उनकी मौन स्वीकृति दिखाई देती नजर आ रही है।

# जीवन में हर पल हर घटना कल्याणकारी: आरती दीदी

## गीता ज्ञान प्रवचन सप्ताह के छंठवें दिन उमड़ी भीड़



**बैतूल।** गीता ज्ञान प्रवचन सप्ताह के छठवें दिन ब्रह्माकुमारी के आनंद सरोवर में श्रोताओं की भीड़ देखने को मिली इस दिन हजारों की संख्या में श्रोता गीता ज्ञान सुनने के लिए उपस्थित रहे। श्रोताओं को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी आरती दीदी ने कहा की गीता हमें जीवन के हर क्षण हर घटना को कल्याण की दृष्टि से देखना सिखाती है । जो हुआ वह अच्छा हुआ, जो हो रहा वह अच्छा हो रहा तथा जो होगा वह और भी अच्छा होगा क्योंकि सृष्टि के नियंता परमात्मा सर्व के कल्याणकारी है। क्योंकि हम सभी उनकी संतान हैं अतः एक पिता होने के नाते वह हमारा कभी अकल्यान कर ही नहीं सकते। यह तो हमारे ही अपने कर्म है, जो हमें दुखी करते हैं हमारे जीवन में नकारात्मक परिस्थितियों को जन्म देते हैं।

**आज गीता ज्ञान सप्ताह का अंतिम दिनः** विदित हो की 29 दिसंबर को इस ज्ञान प्रवचन का आखिरी दिन है तथा इस अवसर पर सभी को अपनी एक-एक बुराई कागज पर लिखकर उसकी यज्ञ में आहुति देने का तथा जीवन में कभी भी उसे बुराइयों को न अपनाने का संकल्प लिया जाएगा कार्यक्रम के पश्चात भंडारे का भी आयोजन किया गया है। ब्रह्माकुमारी प्रमुख मंजू दीदी ने इस आखिरी दिन आनंद सरोवर के प्रांगण में उपस्थित होकर के गीता ज्ञान सप्ताह का लाभ लेने का सभी से आग्रह किया है।

# सारनी पुलिस के माध्यम से की जा रही बसों के फिटनेस व दस्तावेजों की जांच

## 10 से अधिक वाहनों का बनाया गया चालान



**सारनी।** गुना के आरोन रोड पर बस और डंपर की भीषण टक्कर हो जाने से 13 लोगों की जलकर मौत और 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं इस मामले में संपूर्ण प्रदेश में बिना फिटनेस बिना दस्तावेज के वाहन चलाने वालों की प्रशासन के माध्यम से जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।इसी तारतम्य शुक्रवार को सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे के नेतृत्व सवारी बस को चेक कर परमिट फिटनेस एवं अन्य दस्तावेजों की जांच की गई साथ ही सभी बसों में अग्निशमन यंत्र और पीयूसी की जात पड़ताल की गई इसके अलावा सारनी के जय स्तंभ चौक पर जब बसो की छानबीन की जा रही थी इस समय बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले और बिना सेफ्टी बेल्ट के कार चलने वाले लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई है।थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि 10 से अधिक वाहनों पर इस तरह की कार्रवाई की गई है।उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार जिला प्रशासन के दिए गए आदेश के बाद प्रतिदिन बसो के दस्तावेजों की जांच पड़ताल करने का कार्य किया जाएगा।

### सड़कों पर दौड़ रही हैं सर्वे आफ हो चुकी पुरानी बसें

*सारनी से बैतूल,सारनी से छिंदवाड़ा एक दर्जन से अधिक पुरानी सर्वे आप हो चुकी बसें यात्रियों को क्षमता से ज्यादा संख्या में बैठकर सारनी से छिंदवाड़ा और सारनी से बैतूल,सारनी से इटारसी दौड़ रही है। आश्चर्य की बात यह है कि गुना में जो सड़क दुर्घटना हुई और इस सड़क दुर्घटना के बाद 13 लोगों की मौत हो गई है उसके बाद प्रदेश सरकार जगी है।बिना परमिट बिना फिटनेस बिना बीमा सहित बिना अग्नि संयंत्र बिना पीयूसी के दौड़ने वाले बसो की अब जाच पड़ताल शुरू कर दी गई है।बताया जाता है कि छिंदवाड़ा जिले से जितनी भी बसे आ रही है वह सभी बसें सर्वे आप है और एक ही व्यक्ति की बसें होने की वजह से बैतूल और छिंदवाड़ा जिले के परिवहन विभाग के आल्हा अधिकारी इन पर कार्य नहीं करवाई नहीं कर रहे हैं।लेकिन गुना कांड होने के बाद अब उम्मीद की किरण जाग गई है कि बिना फिटनेस और बिना परमिट के सड़क पर दौड़ने वाले वाहनों की अब खैर नहीं अब देखना है कि जिला प्रशासन के अलावा बैतूल परिवहन एवं छिंदवाड़ा परिवहन विभाग के आल्हा अधिकारी छिंदवाड़ा से सारनी की ओर जाने वाली सर्वे आप हो चुकी पुरानी बसों पर क्या कार्रवाई करते हैं।*

---




# ईट राइट इंडिया अभियान के तहत निकाली रैली

बैतूल। ईट राइट इंडिया के तहत शिवाजी चौक स्टेडियम से लल्ली चौक, कॉलेज रोड, गंज होते हुए ओपन स्टेडियम में समाप्त हुई। इस रैली में (श्री अन्न )द्वारा आयोजित की गई थी जिसमें ईट राइट मेला का भी आयोजन किया गया खेल मंत्रालय बैतूल, कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना, एक्सीलेंस स्कूल, ओबीसी हॉस्टल की छात्राएं एवं एनसीसी के स्वयंसेवक उपस्थित रहे तथा रंगोली पोस्ट मेकिंग का भी आयोजन किया। रैली कलेक्टर और एसपी के मार्गदर्शन में निकाली गई। जेएच कॉलेज के जिला संघटक डॉ.सुखदेव डोंगरे, महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.शीतल खरे, पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल प्रसाद साहू जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रवीण परिहार, दीपाली पांडे, कोमल देशमुख, सुरभि जैन, सोनम पाटिल, शिवानी, निशु पावर, अंजली नागौरे, रिया खातरकर, शिवानी सोलंकी, मुस्कान ,पूजा, हिमांशु पाटिल, आयुष घिंडोडे, कुणाल केकतपूरे, देवेश प्रजापति, ऋषक परीसे, विशाल अमरुते, इस्तयाक अली, दिव्यांशु आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## नगर पालिका को वर्तमान स्थान पर ही बनानी होगी व्यवस्था

# मटन व मछली बाजार का नहीं होगा स्थान परिवर्तन

**मुलताई।** नगर का मटन मछली एवं मुर्गी मार्केट दूसरे स्थान पर लगाए जाने का मंसूबा अब पूरा नहीं हो सकेगा क्योंकि नगरपालिका ने सूर्यनारायण सरोवर और चील घर के समीप जिस स्थान पर समतलीकरण कर मीट मछली मार्केट बसाय जाने की योजना बनाई है वह क्षेत्र ताप्ती पवित्र नगरी क्षेत्र में आता है और पवित्र नगरी के नियमों का उल्लंघन करना नगर पालिका के लिए संभव नहीं है।

बता दे कि जब 23 जून 2009 धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा मुलताई नगर में पवित्र नगरी की सीमाएं निर्धारित की गई थी उसके अनुसार मुलताई नगर के वार्ड क्रमांक 10 और वार्ड क्रमांक 12 का संपूर्ण क्षेत्र और वार्ड क्रमांक 9 का आशिक क्षेत्र जिसमें उत्तर में कृषि उपज मंडी इंदिरा गांधी वार्ड तक, पूर्व में अमरावती रोड तक, दक्षिण में नागदेव मंदिर तक, पश्चिम में मटन मार्केट रोड तक को छोड़कर शेष निकाय के क्षेत्र को पवित्र नगरी क्षेत्र घोषित किया गया था। इसका अभीप्राय यह है कि जहां मांस मटन मछली की दुकान लगती है उस भाग को छोड़कर के नगरिय क्षेत्र में कहीं पर भी पवित्र नगरी होने के कारण मांस मटर मछली की दुकान अधिकृत रूप से लगाना संभव नहीं है।



### अभी संभव नहीं

मटन एवं मछली बाजार जिस स्थान पर ले जाया जाना था वह क्षेत्र नगर पवित्र नगरी सीमा में शामिल है। इसलिए वहां मटन, मछली बाजार नहीं लगाया जा सकता इसके लिए राज्य शासन से पवित्र नगरी की सीमा परिवर्तन करनी होगी जो अभी संभव नहीं है।

**जी आर देशमुख**
लेखपाल एवं प्रभारी नगर पालिका मुलताई

### नगर पालिका ने मटन मार्केट स्थान परिवर्तन की तैयारी रोकी

*हाल ही में जब मध्य प्रदेश शासन से खुले में मटन मछली बेचे जाने पर प्रतिबंध लगाया गया और नगर में नियमों के पालन की बात आई तो नगर पालिका ने सभी मटन मछली व्यापारियों से चर्चा कर इस समस्या के समाधान के प्रयास प्रारंभ किए इसी प्रस्ताव के तहत यह बात भी सामने आई की मटन मछली और मुर्गी मार्केट का स्थान परिवर्तन कर दिया जाए और नगर पालिका ने कब्रिस्तान के समीप एवं सूर्य नारायण सरोवर के पास इन मीट मछली व्यवसाय के प्लाट आवंटन के लिए जमीन का समतलीकरण भी कर दिया किंतु अब यह योजना पवित्र नगरी के नियमों के परिपालन में आगे नहीं बढ़ सकेगी अब नगर पालिका के सामने सबसे बड़ी समस्या मध्य प्रदेश शासन के नियमों का पालन है और इसकी अपनी व्यावहारिक समस्याएं। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इस व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों के हितों की रक्षा के साथ ही नगर पालिका शासन के नियमों का पालन कैसे करवाती है।*

## ग्राम भारती महिला मंडल की

# शासन की योजनाओं के माध्यम से ऋण लेकर अब



सारनी। शासन की योजना के अंतर्गत महिलाएं बैंक से लोन लेकर अब अपना स्वयं का रोजगार संचालित कर सकती है। इसको लेकर ग्राम भारतीय महिला मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय शोभापुर में महिलाओं का एक सेमिनार आयोजन आयोजित किया गया जिसमें यूनियन बैंक प्रबंधक नगर पालिका परिषद सारनी और ग्राम भारती महिला मंडल के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। यह जो सेमिनार का आयोजन किया गया वह दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन स्वरोजगार योजना अंतर्गत संस्था ग्राम भारती महिला मंडल में महिला स्व सहायता समूह एवं जो महिलाएं अपना स्वरोजगार करना चाहती है एवं पूर्व रोजगार को बढ़ाने के लिए बैंक लिंकेज कर ऋण लेने वाली महिलाओं ने अपनी पहल बताते हुए अपनी उपस्थिति दी है।यूनियन बैंक मैनेजर अजय सिंह उइके,राजेश भालेकर ने अपना समय देकर बैंक में ऋण देने वाली योजनाओं की जानकारी देकर प्रत्येक महिलाओं को के वाई सी प्रपत्र जमा किए जाने के लिए कहा गया है।नगर पालिका परिषद सारनी से रजीत डोंगरे,मनोज पटेल, सुश्री निधि मरावी की उपस्थिति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।स्व सहायता समूह गठन तथा नगर पालिका परिषद से दिए जाने वाले ऋण की जानकारी दी गई।दो लाख तक का ऋण लेने वाली महिलाएं 29 दिसंबर को अपने प्रपत्र के साथ

# रंजीत सिंह सारनी नगर में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

## कायकर्ताओं और ओबीसी मोर्चा ने बधाई दी



**सारनी।** आमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे द्वारा सारनी नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रंजीत सिंह को सारनी नगर में सभी शासकीय बैठकों व सार्वजनिक कार्यक्रम में अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है।डॉ.योगेश पंडाग्रे ने भाजपा के वरिष्ठ नेता रंजीत सिंह को नगर पालिका परिषद सारनी,वेस्टर्न कोलफील्ड पाथाखेड़ा,मध्यप्रदेश जनरेटिंग कंपनी सारनी, अनुभागी अधिकारी पुलिस सारनी, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी सारनी,वन उत्तर सामान्य मंडल सारनी,विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी घोड़ाडोगरी,परियोजना महिला बाल विकास अधिकारी को पत्र जारी कर इसकी सूचना दी। सारनी क्षेत्र के पूर्व में भी रंजीत सिंह विधायक प्रतिनिधि रहा चुके है। रंजीत सिंह को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एव ओबीसी मोर्चा पार्षदगणो ने उन्हें माला पहनकार स्वागत शुभकामनाएं दी एव विधायक डॉक्टर पंडाग्रे का आभार व्यक्त किया है।बधाई देने वालो मे नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे,भाजपा के मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र निगम,मोहन मोरे,वरिष्ठ नेता पी जे शर्मा,नपा उपाध्यक्ष जगदीश पवार,श्याम मदान,सुधा चन्द्रा,जीपी सिह , दशरथ सिह जाट,प्रकाश शिवहरे,भीम बहादूर थापा,अनील बतरा, मुकेश यादव,पप्पू मानकर,सुनील पाटिल, प्रवीण सोनी,रविन्द्र पासे,मुकेश जयसवाल,बिज्जू वानखेड़े,अंजनी सिह,दिलीप झोड,प्रकाश डेहरीया,मीना ददन सिह,मोहन लाल मायवाड,लक्ष्मण साहू, अमीत अग्रवाल,नन्हे सिह,दिलीप विश्वकर्मा, राकेश बारगे,संजीत चौधरी,विनय मदने, विलाश चौधरी,सुखराम वर्मा,देवराव बोरपेटे, रोशन महोबे, अजय बग्गा,सुधीर यादव, गोलू राजपूत, प्रमोद सिह,सुनंदा पाटिल,सरोज विश्वकर्मा, बेबी मनोज ठाकूर, बिट्टू बिनजाड़े इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### साहू समाज का राष्ट्रीय गौरव दिवस समारोह आज

**बैतूल।** अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा एवं युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में आज 30 दिसंबर दिन शनिवार को सदर स्थित रैन बसेरा के पास अंबेडकर मंगल भवन में साहू समाज का राष्ट्रीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा आयोजन समिति के गोपाल साहू एवं अजय जीतपूरे ने बताया कि इस समारोह में रुद्राभिषेक, परिवार सहायता केंद्र बैठक, होनहार प्रतिभाओं का सम्मान, वृद्धजनों को चश्मा वितरण, स्वास्थ्य एवं उपचार शिविर, विवाह योग्य युवक युवतियों की पत्रिका का विमोचन, समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन एवं समाज सेवियों का सम्मान उद्यमी महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया जाएगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद साहू ने सभी से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## श्री अन्न मेले में 11 काउंटर, 22 वैरायटी, कलेक्टर-सांसद ने चखे व्यंजन

# प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों के अन्न में श्री लगाया तब फाइव स्टार होटल तक पहुंचा श्रीअन्न: उईके

**बैतूल।** गरीबों का अन्न कहा जाने वाले मोटा अनाज पहले सिर्फ गरीबों का ही भोजन हुआ करता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोटे अनाज के अन्न के आगे श्री लगाकर उसे अन्न से सम्मानित कराया। यह बात गुरुवार को जिला प्रशासन के द्वारा ईट राईट मिलेट्स (श्री अन्न) मेले का उद्घाटन करते हुए सांसद श्री डीडी उईके ने कही।

उन्होंने कहा कि मनुष्य आज अनियमित दिनचर्या और अनियंत्रित खानपान के कारण अनेक गंभीर बीमारियों का शिकार होता चला जा रहा है। हम अपने मूल खाद्य पदार्थों को छोड़कर पश्चिमी सभ्यता की ओर आगे बढ़ गए। हमने अपने खानपान में पिज़्ज़ा, बर्गर, कोल्ड ड्रिंक जैसी खाद्य सामग्री का सेवन प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने कहा कि मिलेट्स जिसमें जौ, बाजार, कोदो, कुटकी जैसे मोटे अनाज शामिल है को अपने नियमित भोजन में शामिल करना चाहिए।

### प्रभात फेरी

जिला प्रशासन द्वारा ईट राईट मिलेट्स मेले का आयोजन गुरुवार को स्थानीय ओपन ऑडिटोरियम में किया गया। मेले का प्रारंभ पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ चौधरी की अगुवाई में मिलेट्स के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए पैदल मार्च कर शहर में रैली निकाली गई। रैली में शहर वासी, अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी एवं छात्र-छात्राओं सहित गणमान्य नागरिक



### आत्म संवाद पुस्तक का विमोचन

कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस के साथ सांसद दुर्गादास उईके ने स्वयं लिखित पुस्तक आत्म संवाद का विमोचन किया। हिंदी एवं अंग्रेजी भाषाओं में प्रकाशित पुस्तक में सांसद श्री उईके द्वारा अंतर्मन से जुड़े रोचक और गहरे संवादों पर यह पुस्तक केंद्रित हैं।

### कलेक्टर ने लिया 22 व्यंजनों का स्वाद

*कलेक्टर श्री बैंस ने मेले में लगे मिलेट्स से बने व्यंजनों का स्वाद लिया। ज्वार-बाजरे की रोटी, चने की भाजी, टमाटर की चटनी, होटल खुशी के स्टॉल पर बाजरा मिलेट्स सलाद के साथ रागी की इडली, ग्राम काजली के राजनंदिनी आजीविका स्व सहायता समूह ने कुटकी की खीर, महिला बाल विकास विभाग द्वारा ज्वार की इडली, नीम पानी ढाबा पुदीना-दही चटनी के साथ कोदो खिचड़ी, जन अभियान परिषद द्वारा बाजरा/रागी अप्पे, रागी केक के साथ मसाला पुरी को स्वादिष्ट व्यंजन के साथ कुटकी, ढोकला, बाजरे की खिचड़ी स्टॉल पर सजे थे।*

### ज्वार-बाजरे की पराठा थाली

*सुमन जन जागृति संस्था कोठा शाहपुर की कुटकी सांवरिया, ज्वार एवं बाजरे की पराठा थाली ने लोगों को काफी आकर्षित किया। थाली में बल्लर की सब्जी, बल्लर की दाल, चना भाजी एवं बथुआ भाजी के साथ डोडरी छोटे टमाटर की चटनी केले के पत्ते पर बहुत अधिक आकर्षित कर रही थी। इसके साथ मिलेट्स से बनी पानी पुरी एवं बाजरे के पकोड़े का स्वाद भी लोगों ने लिया। जन अभियान परिषद के एक स्टॉल पर कुटकी हलवा, बाजरे की घुघरी, कुटकी थी।*

### नवग्रह दुर्गा मंदिर से आतिशबाजी कर ढोल नगाडों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली

# बालाजी बस्ती के मंदिरों के लिए नवग्रह दुर्गा मंदिर से वितरित हुए अक्षत कलश

श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आकर नवग्रह दुर्गा मंदिर में रखे हल्दी अक्षत कलश बालाजी बस्ती के प्रमुख मंदिरों के लिये वितरित किये गये।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बस्ती के गणमान्य नागरिकों एव महिलाओं एवं मोहल्ला समिति वार्ड 23 अहिल्या नगर व पंचवटी हनुमान मंदिर महिला मंडल के सदस्यों की भारी संख्या में उपस्थित रही। विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत सह मंत्री गोपाल सोनी एवं जिला संयोजक मनोज राय ने 22 जनवरी को अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में भगवान श्री राम की मूर्ति की स्थापना के अवसर पर बालाजी बस्ती एवं बस्ती के मंदिरों में कौन-कौन से कार्यक्रम



आयोजित करना है, इसकी जानकारी दी। इस अवसर पर नवग्रह दुर्गा मंदिर से आतिशबाजी कर ढोल नगाडों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बालाजी बस्ती के विभिन्न क्षेत्रों के धर्मालंबियों ने शोभायात्रा पर गुलाब के पुष्पों की वर्षा कर स्वागत किया। नवग्रह दुर्गा मंदिर से शीतला माता नेहरू गंज, हनुमान मंदिर पंचवटी, श्री शंकर मंदिर इंगल चाल, महाकाली दरबार, दुर्गा मंदिर भाट मोहल्ला, अहिल्या नगर, शंकर मंदिर विपिन नगर के मंदिरों को कलश वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष प्रमोद पगारे, राकेश जाधव, देवेन्द्र पटैल, जिलामंत्री विहिप प्रभात तिवारी, अनूप तिवारी, अनिल गेलानी, अमन रावत, संतोष शर्मा, शैलेन्द दुबे, वार्ड 23 मोहल्ला समिति अध्यक्ष नवनीत कोहली, सचिव राजकुमार दुबे, प्रकाश ताम्रकार, विजय दुबे, राजेंद्र दुबे, द्वारका प्रसाद गोहिया, केपी सैनी, डब्लू यादव, मुकेश पटेल, अनिल मस्की, राहुल भाट, अशोक भाट, गुड्डू सोनिया, सुनील दुबे, बृजमोहन सिंह मीनो, राजेन्द्र चतुर्वेदी, महिला मंडल अध्यक्ष अनिता तिवारी, सुमन चौहान, सुधा तिवारी, मीणा तिवारी, नीतू साहू, आभा तिवारी, पार्वती पटेल व अन्य महिलाओं की भारी संख्या में उपस्थित रही।

# जीनियस प्लानेट स्कूल में लगी साइंस प्रदर्शनी, पसंद किए कई मॉडल्स

### अतिथियों ने विद्यार्थियों के बनाए प्रोजेक्ट्स की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जीनियस प्लानेट सीनियर सैकंड्री स्कूल में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों के चाट्‌र्स और मॉडल पर प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन अनिल झा के साथ ही लायंस फ्रेन्ड्स अध्यक्ष राजेंद्र सोनी, सचिव कामेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अर्जुन नवलानी ने किया। प्रदर्शनी में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संस्थापक शिव भारद्वाज, गुलाब चंद अग्रवाल, विजय मनवानी, नीलेश जैन, आरती जैसवाल, श्वेता वशिष्ठ, अनुष्ठा शर्मा ने भी अपना बहुमूल्य समय दिया। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के बनाये प्रोजेक्ट्स की सराहना कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने चाट्‌र्स, मॉडल को क्लासीफाइड करके साइंस जोन, सोशल साइंस जोन, लैंग्वेज जोन, आई टी जोन में किया। साथ ही आर्ट गैलरी एवं विद्यालय द्वारा किये गए



अब तक की समस्त एक्टिविटी की फोटो सहित गैलरी बनाकर प्रदर्शनी लगाई गई।

इन सभी जोनस में बच्चों ने संबंधित विषयों के बहुत सुंदर चाट्र्स, चलित और अचलित मॉडल बनाये गये। बच्चों द्वारा बनाये गये कुछ मॉडल्स जैसे नया संसद भवन, वेक्यूम क्लीनर, सोलर एनर्जी, हार्ट ब्लड प्यूरीफायर सिस्टम, प्लान्टेशन सिस्टम, चंद्रयान 3, डायलिसिस सिस्टम, ट्रिगनामेंट्री टेबल, एसिड रेन, क्रिकेट स्टेडियम, क्विज बोर्ड, एयर पॉलुशन, हाइड्रोलिक सिस्टम, बार ग्राफ, रनिंग ट्रैक आदि बहुत पसंद किये गये। अतिथियों का स्वागत स्कूल संचालक मो. जाफर सिद्दीकी और मनीता सिद्दीकी ने किया। सभी अतिथियों को स्कूल के आर्ट एंड क्राफ्ट विभाग द्वारा बनाए सुन्दर हैंड बैग स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान किये। शिव भारद्वाज ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये। अनिल झा ने कहा कि बच्चों द्वारा बहुत ही शानदार मॉडल बनाए हैं और उससे अच्छी बात यह है कि प्रत्येक छात्र अपने बनाये गए मॉडल को विस्तार से समझा रहा है, इससे प्रतीत होता है कि छात्र ने स्वयं मॉडल बनाया है। शिक्षक शिक्षिकाओं की अच्छे विद्यार्थियों को मॉडल के लिए दिए गाइडेंस की सराहना की। आभार प्राचार्य विशाल शुक्ला ने माना।

## भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित

**इटारसी।** भारतीय किसान संघ के 3 वर्षीय राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन स्थानीय संघ कार्यालय में संपन्न हुआ। बैठक में प्रदेश के संगठन मंत्री महेश चौधरी संभागीय संगठन मंत्री दिनेश शर्मा पार्टी पदाधिकारी जगदीश पाटील न जिले के प्रत्येक तहसील से पहुंचे हुए कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीयो से अभी तक का सदस्यता अभियान बाबत प्रगति की समीक्षा की इसके साथ ही उन्होंने सदस्यता अभियान में गति लाने के लिए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया विदित हो कि इस वर्ष जिले में संगठन द्वारा 105000 सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया गया है। जिसे 15 जनवरी तक आवश्यक रूप से पूर्ण किया जाना है। श्री चौधरी ने कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी से ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर सदस्यता अभियान को पूर्ण करने की आवश्यकता पर बोलते हुए कहा कि भारतीय किसान संघ का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब किसान भाइयों के बीच में किसान संघ की उपयोगिता एवं उसके महत्व के बारे में आम किसान परिचित होंगे।

# सिख शहीदी सप्ताह के अंतर्गत और आरएनए स्कूल में किया आयोजन

### सिख समुदाय के द्वारा देश के प्रति किए गए कार्यों को बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीर बाल दिवस पर बाल शहीदों को याद करते हुए बीरबल दिवस मनाने की घोषणा की। आरएनए उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य संजीव दुबे, उप प्राचार्य अल्पना श्रीवास्तव के नेतृत्व में शहीदी सप्ताह दिवस का आयोजन किया गया। वक्त के रूप में सिख समुदाय के भाजपा युवा नेता हरदीप सिंह नागपाल एवं सिख समुदाय सहित शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता हरदीप सिंह नागपाल ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह के वीर साहबजादे जोरावर सिंह एवं वीर फतेह सिंह के संपूर्ण परिवार की शहादत राष्ट्र प्रेम और त्याग समर्पण को याद करते हुए उन्हें कोटि-कोटि नमन करना चाहिए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों के जीवन चरित्र को राष्ट्र



प्रेम को जगा कर राष्ट्र के प्रति सर्वस्व निछावर करने का संकल्प दिलाया। गुरु गोविंद सिंह के बचपन से लेकर देश के प्रति किए गए। त्याग के बारे में बताया कि धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले गुरु गोविंद सिंह के पुत्र एवं माता गुजरी की सहायता पर उन्हें कोटि-कोटि नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने गुरु गोविंद सिंह के जीवन एवं उनके चरित्र व उनके परिवार पर प्रकाश डालते हुए स्कूल के छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि उनके सास की प्रशंसा करना चाहिए।

गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों ने राष्ट्र के प्रति अपने प्राणों की आहूति कैसे दी इस विषय पर विस्तार से उन्होंने प्रकाश डालाऔर बच्चों को सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया धर्म युद्ध का वृतांत सनातन धर्म के लिए गोविंद सिंह के बलिदान को विद्यार्थियों को समझाया। इस अवसर पर प्राचार्य संजीव दुबे कल्पना श्रीवास्तव एवं अन्य भक्तों के द्वारा भी अपने विचार रखे गए।

# सरकारी स्कूल के बच्चे सीखेंगे अब योग

### माध्यमिक शाला में योग समिति का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

समीपस्थ ग्राम जमुनिया के शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में योग आयोग मप्र शासन की योजना से छात्र-छात्राओं को योग प्राणायाम से परिचित कराने एवं विद्यालयों में नियमित योगाभ्यास के लिए 6 सदस्यीय योग समिति बनाई गई। इस विषय में संकुल योग प्रभारी रामनरेश सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए योग अनिवार्य है। मप्र शासन की मंशानुरूप ग्राम जमुनिया के एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में योग समिति बनाई गई है। जिसका अध्यक्ष सुरेश कुमार कोरी को बनाया गया। उपाध्यक्ष वीरेंद्र मालवीय, सदस्य किशोर शर्मा, हेमलता मेहरा, वनिता शर्मा होगी एवं समिति के पदेन सचिव विद्यालय के शिक्षक लछीराम ठाकुर होंगे। इस अवसर पर संकुल योग प्रभारी रामनरेश सिंह विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रानी नागवंशी अध्यापिका साधना विश्वकर्मा संगीता साहू भावना मालवीय शिक्षक मनोज निगम अतिथि शिक्षक हर्षिता मालवीय एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# मेधावी बालिकाओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास परियोजना माखन नगर मे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला स्तरीय एक्शन प्लान एवं माइक्रो प्लान के तहत कार्यक्रम स्थान सेंट जॉन उच्चतर माध्यमिक स्कूल माखन नगर में रखा गया। इस कार्यक्रम का संचालन विनीता मालवीय पर्यवेक्षक द्वारा किया गया। इनके द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत बालिकाओं के शिक्षा के लिए उदाहरण देकर प्रेरित किया गया वही बालिकाओं को सामाजिक स्तर बालिकाओं को सामाजिक स्तर आर्थिक राजनीतिक अधिकारों पर चर्चा की गई कार्यक्रम में उपस्थित आकाश गर्ग व पार्षद निरंजना दुबे द्वारा भी बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित कर बालकों को अवसर के लिए समझाया गया। समाज में भेदभाव को लेकर भी चर्चा की गयी साथ ही शिक्षा सुरक्षा का अधिकार अभिव्यक्ति का अधिकार और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से संबंधित




योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई । ब्लॉक माखन नगर में टॉप 10 में से चार बालिकाओं कक्षा 12वीं की अन्शिका पाठक, विवेचना यादव व कक्षा 10 वीं की उपासना यादव, नंदनी साहू को पुरुस्कृत राशि पाँच हजार रुपये उनके खाते मे डाले गए और आज प्रशंसा पत्र ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी परियोजना अधिकारी अनुराधा असवार, पर्यवेक्षक विनीता मालवीय, प्रीति वर्मा, स्कूल प्राचार्य सिस्टर एंजेला, शिक्षक आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिला बाल विकास द्वारा रंगोली बनाकर पुष्प माला से बालिकाओं का स्वागत कराया गया।

# सोसायटी द्वारा विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

बीएचआरसी ग्रुप द्वारा संचालित पॉलीक्लिनिक एवं सोनोग्राफी सेंटर, सिवनी मालवा के शुक्रवार को 2 वर्ष पूर्ण हुए। इस अवसर पर बीएचआरसी ग्रुप तथा रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें भोपाल एवं हरदा के विभिन्न बिमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध रहे। मधुमेह एवं हृदय रोग, गहन चिकित्सा विशेषज्ञ, न्यूरो सर्जरी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, चर्म रोग, हड्डी एवं जोड़ रोग, नेत्र रोग, सांस की तकलीफ, पेट रोग, ब्लड प्रेशर, थायराइड, जनरल फिजिशियन के अंतर्गत डॉ विशाल सिंह बघेल, डॉ सुनीत गौर, डॉ बीपी दोगने, डॉ शिवम गौर, डॉ अंशुम राठी, डॉ यशली ठाकुर, डॉ पूनम सिंह राजपूत, डॉ नवोदित राठौर, डॉ आदर्श शुक्ला, डॉ राकेश पटेल ने



शिविर में आए सैकड़ो मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया। बीएचआरसी ग्रुप के डायरेक्टर डॉ विशाल सिंह बघेल ने मरीजों से सामूहिक चर्चा करते हुए स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही इन 2 वर्षों में विश्वास जताकर सहयोग देने वाले सभी साथियों का आभार माना। शिविर में ईश्वर विश्नोई, देशबंधु मराठा, विजय जाट, शफीना अली एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय बैठक हुई

**नर्मदापुरम।** शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में शुक्रवार को कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सिंह विसेन, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कामिनी जैन, नर्मदा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओएन चौबे, विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्य एवं स्कूल प्राचार्य ने अपनी गरिमामई उपस्थिति प्रदान की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कामिनी जैन ने जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सिंह विसेन को पौधा भेट कर बैठक का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कामिनि जैन ने कहा कि पहले इस बैठक का आयोजन अप्रैल माह में होता था पहली बार शासन के निर्देशानुसार दिसंबर में इस बैठक का आयोजन किया जा रहा है जिसके सुपरिणाम हमें निश्चित रूप से प्राप्त होंगे।

# नवागत एसडीएम ने शासकीय अस्पताल निरीक्षण में देखी व्यवस्थाएं, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नवागत एसडीएम टी प्रतीक राव ने कार्यभार संभालने के बाद दूसरे दिन सिविल अस्पताल का विजिट किया। उन्होंने यहां हरेक विभाग में जाकर व्यवस्थाएं देखीं। नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई , महिला वार्ड के अलावा नर्सेसऔर डॉक्टर्स से मुलाकात कर उनसे व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। इस दौरान तहसीलदार सुहानी साहनी, अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी उनके साथ रहे। एसडीएम टी प्रतीक राव को अस्पताल व्यवस्थाएं





संतोषजनक लगीं। उन्होंने कहा कि अस्पताल की सारी व्यवस्थाएं अच्छी स्थिति में हैं तथा यहां आने वाले मरीजों को और भी बेहतर सुविधाएं मिलें, इसके लिए आने वाले दिनों में योजनाबद्ध काम किये जाएंगे। कुछ निर्माण वर्क, सिविल वर्क भी देखे हैं, उन पर भी काम होगा तथा न्यूबोर्न बेबी तथा मेटरनिटी पर भी फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि अभी देखा है महिला वार्ड काफी अच्छी स्थिति में है। एमडी डॉक्टर्स नहीं होने पर ध्यान दिलाया तो उन्होंने कहा कि उनको अधीक्षक ने भी जानकारी दी है, हम इसके लिए प्रयास करेंगे और उम्मीद है कि जल्द ही हम इसमें सफल होंगे।

कोरोना को लेकर तैयारियों के संबंध में किये सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्होंने इसका भी जायजा लिया है। आज देखा है, सारे डाक्टर्स अवेयर हैं, सभी ने मास्क लगाए थे, जगह-जगह जागरुकता संबंधी बैनर-पोस्टर लगाये हैं। आमजन को भी जागरुक रहना होगा। अस्पताल में आक्सीजन प्लांट है, पलंग सहित सारी व्यवस्थाएं हैं, हमें विश्वास है कि ऐसी किसी आपात स्थिति में हम पूरी तरह से तैयार हैं।

### सिवनी मालवा में चल रहा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह, उमड़ रही भक्तजनों की भीड़

# भगवान श्री कृष्ण की 1108 पटरानियां थीः अनन्या शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

सिवनी मालवा में चल रही श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में आज विश्राम दिवस की कथा सुनाते हुए कथा व्यास अनन्या शर्मा जी ने कहा की हमारा कथा सुना तभी सार्थक होगा जब हम उसका था पंडाल से एक अच्छा ही ग्रहण कर कर जाएं तथा एक बुराई को यहां पर त्याग कर कर जाएं क्योंकि हम साथ दिवस की कथा हमने जाना कि भगवान का स्वभाव कैसा है भगवान का प्रभाव कैसा है हमें क्या करना चाहिए हमें क्या नहीं करना चाहिए इन्हें बातों पर चिंतन मनन कर रहे हैं अनन्या शर्मा जी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की 1108 पटरानियां थी परंतु भगवान श्री कृष्ण ने विवाह सिर्फ रुक्मणी से किया बाकी सभी को किसी न किसी कारणवश अपनाया है उसके पश्चात जरासंध के वध की कथा सुनाते हुए कहा जब महाभारत की विजय के पश्चात पांडवों द्वारा राजस्व योग किया गया परंतु उसमें बड़ा था जरा संघ तब भगवान श्री कृष्ण ने भीम के द्वारा मल युद्ध के दौरान जरासंध का वध कराया इसके पश्चात सुदामा चरित्र का जीवंत चित्रण किया उसके पश्चात द्रोपती के चीर हरण की कथा को भी बहुत ही मार्मिक तरीके से चित्रण किया गया। भगवान के



मोक्ष जाने की कथा को सुनते हुए अनन्या जी ने कहा कि जब भगवान को लगा कि अब उनके धाम जाने का समय आ गया है तो उन्होंने सभी से भेंट करना प्रारंभ किया। इस दौरान वह माता गांधारी से मिले तब माता गांधारी ने उन्हें श्राप दिया कि जिस तरह तुमने मेरे कुल का विनाश किया है। इस तरह तुम्हारे कुल कभी विनाश होगा तब भगवान ने कहा कि मैं भी यही चाहता हूं इसके पश्चात भगवान ने माया राखी जिसमें उनके कल के लोग साधु संतों को परेशान करते हैं तब साधु संत श्राप देते हैं और भगवान एक पीपल के वृक्ष के नीचे लेटे हैं एक पहेलियां तीर मारता है और भगवान अपने धाम को चले जाते हैं इसके पश्चात सुखदेव जी राजा परीक्षित जी से कहते हैं यह श्रीमद् भागवत मैंने आपको सुनाई यदि अभी भी आपको मृत्यु का डर लग रहा है तो मैं आपको अमर कर देता हूं तब राजा परीक्षित जी ने कहा कि अब मुझे जीने का कोई मोह नहीं मैं सीधे प्रभु के धाम जाना चाहता हूं। तब तक्षक नाग आता है और उसे देखकर परीक्षित जी नेत्र बंद कर अपने प्राणों को ईश्वर के श्री चरणों में अर्पित कर देते हैं परंतु श्राप के अनुसार तक्षक नाग परीक्षित जी को डसता है और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है कथा विश्राम के पश्चात अनन्या शर्मा जी द्वारा शुभ मधुर वचनों की प्रस्तुति पर सुरता मंत्र मुक्त हो गए बोर से परिवार द्वारा सभी को आभार व्यक्त किया गया तथा कथा का मंगल मय विश्राम हुआ।

## ग्राम पंचायत भवन के सामने लगे कचरे के ढेर तो बाजू में पशु उपचार ग्रह से छत गायब

**पिपरिया।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत में लगातार दो वर्षों से मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्थानी न होने के कारण पिपरिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव के द्वारा लापरवाही पूर्वक काम किया जा रहा है। स्थिति यह है कि जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी का प्रभार अनुविभागी राजस्व अधिकारी को सोपा गया है और वर्तमान में स्थिति में अनुविभागीय अधिकारी के पास कितना अधिक काम है कि वह जनपद पंचायत की ओर देख भी नहीं पा रहे हैं ऐसी स्थिति में जनपद पंचायत के कर्मचारी ही जनपद चला रहे हैं लेकिन फील्ड अधिकारी फील्ड में भी गौर नहीं कर पा रहे हैं शायद ऐसा ही प्रतीत हो रहा है। जनपद पंचायत से 7 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत पाली स्थापित है जहां पर की पूरी पंचायत में रोड के मुख्य मार्ग के दोनों किनारे पर गंदगी के ढेर लगे हैं कचरे के ढेर लगे हैं लेकिन पंचायत के द्वारा ऐसा प्रतीत होता है कि आज दिनांक तक इस पंचायत में सफाई कार्य ही नहीं गया है। आयुष्मान कार्ड के हितग्राहियों को लगभग 240 ग्राहियों के आयुष्मान कार्ड ही तैयार नहीं किए गए हैं। कुल मिलाकर ऐसा प्रतीत होता है कि हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ही प्राप्त नहीं हो रहा है जिसके कारण शायद पंचायत के निवासी बी ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। ग्राम पंचायत के मुख्य द्वार के ही सामने घूड़े के ढेर लगे हुए हैं। पंचायत के भवन के चारों तरफ ही सफाई नहीं दिखाई दे रही है पंचायत भवन के सामने ही जब कचरे के ढेर लगे हैं तो उसे समझा जा सकता है कि पंचायत भवन किस तरह से संचालित किया जा रहा है। अभी एक सप्ताह पूर्व ही रोजगार सहायक को ग्राम पंचायत से हटकर जनपद पंचायत में अटैच किया गया है तथा जनपद पंचायत में अटैच ग्राम रोजगार सहायक को पाली का प्रभार सोपा गया है एक सप्ताह में अभी उनको सुधार करने में काफी समय लगेगा।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव खंडवा जिले में 2 दिवसीय दौरे पर

**खंडवा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ओंकारेश्वर एवं हनुवंतिया आयेंगे तथा स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ. यादव शनिवार को सुबह 11:55 बजे ओंकारेश्वर स्थित कोठी हेलीपेड आयेंगे। दोपहर 12:20 बजे सैलानी में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। रात्रि 9 बजे ओंकारेश्वर में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेकर रात्रि विश्राम करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 31 दिसम्बर, 2023 को प्रातः 10:40 बजे ओंकारेश्वर स्थित कोठी हेलीपेड से सिंगाजी के लिए प्रस्थान करेंगे तथा प्रातः 11 बजे सिंगाजी में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेकर प्रातः 11:30 बजे हनुवंतिया पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम हनुवंतिया में ही करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 1 जनवरी, 2024 को दोपहर 12 बजे हनुवंतिया हेलीपेड से जिला खरगोन के लिए प्रस्थान करेंगे

### नव वर्ष पर नवग्रह की नगरी में होगा सीएम यादव का आगमन

**खरगोन।** प्रदेश में भाजपा की बंपर जीत के बाद प्रदेश के नए मुखिया चुने गए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव नव वर्ष के पहले दिन 1 जनवरी को नवग्रह की नगरी खरगोन पहुंच रहे हैं। यहां मेला ग्राउंड पर उनकी जन आभार सभा होगी।इस दौरान सीएम कलेक्टर सभाकक्ष में संभागस्तरीय बैठक में लॉ एंड ऑर्डर की समीक्षा भी करेंगे। साथ संभवत वह किसी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण भी कर सकते हैं। आयोजन की तैयारी को लेकर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने शुक्रवार दोपहर 1 बजे नवग्रह मेला मैदान में मंच की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।कलेक्टर शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के दौरे को लेकर तैयारी चल रही है। नवग्रह मेला मैदान में उनकी सभा होगी। खरगोन से राज्य स्तरीय साइबर तहसील का शुभारंभ करेंगे। इसके मुख्यमंत्री घोषणा कर चुके हैं। सभा के बाद कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में लॉ एंड ऑर्डर के पॉइंट ऑफ व्यू से समीक्षा करेंगे। इसके अलावा जिले के अन्य विकास कार्यों का भी शुभारंभ लोकार्पण प्रस्तावित है। इसकी विभागों से सूची बुलाई जा रही है। विधानसभा में भारी जीत के बाद भाजपा की जन आभार सभा होगी। इसके अलावा सीएम यहां कुंदा किनारे, जिला अस्पताल व विभिन्न कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण भी कर सकते हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला हॉस्पिटल, कार्यालयों के आकस्मिक निरीक्षण कर सकते हैं।

### वाहनों से 6 हजार रुपए वसूले चालान

**हरदा।** कलेक्टर ऋषि गर्ग के निर्देशन में परिवहन विभाग के दल द्वारा यात्री वाहनों की लगातार जांच की जा रही है और मोटर यान अधिनियम का उल्लंघन पाए जाने पर वाहन मालिकों पर अर्थ दंड लगाया जा रहा है इसी क्रम में शुक्रवार को खिरकिया रोड़ हरदा में निरीक्षण के दौरान परिवहन विभाग के दल ने वाहनों की जांच की, और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 7 यात्री वाहनों व 2 लोडिंग वाहनों पर कुल 6 हजार रूपये का अर्थ दंड लगाया।

### इंजीनियर ने की कारवाई, निर्माण कार्य तुड़वाया

# शिकायत के बाद जांच करने पहुंची टीम घटिया मिला निर्माण कार्य, की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिराली





वार्ड नंबर 10 में घटिया निर्माण की शिकायत मिलने के बाद जांच करने पहुंची टीम को भी निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन मिला। जिसे इंजीनियर द्वारा तुड़वाया गया। करीब 17 लाख रुपए की लागत से बन रही नाली का निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा खुलेआम डस्ट का उपयोग किया जा रहा था। जिसकी शिकायत वार्डवासियों द्वारा नगर परिषद सीएमओ राहुल शर्मा को की गई। जिसके बाद सीएमओ राहुल शर्मा ने तुरंत अपने इंजीनियर की टीम निर्माण स्थल भेजा। जहाँ घटिया निर्माण मिलने के बाद इंजीनियर कार्रवाई की गई और तुरंत तोड़ने का आदेश दिया। जिसके बाद ठेकेदार के द्वारा घटिया निर्माण तोड़ा गया।

#### सड़क में पड़ी दरार

नगर परिषदसिराली के वार्ड क्रमांक 14, 15 में खुलेआम घटिया निर्माण रामपुर एवं विक्रमपुर में हुआ। जिसकी शिकायत वार्ड वासियों ने बार बार नगर परिषद सीएमओ और अध्यक्षों को की। जिसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की और अब घटिया निर्माण खुलकर सामने आ रहा है। सड़क में जगह-जगह दरार पड़ गई हैं। सालों तक चलने वाली सड़क कुछ दिनों में खराब हो गई। शासन का लाखों रुपया खराब हो गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

#### अधिक दर पर ठेका मिला

ज्ञात हो की नगर परिषद के सभी ठेके परिषद के द्वारा टेंडर प्रक्रिया से किये जाते हैं। जिसमें कई ठेकेदार अपनी अपनी निविदा से टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा लेते हैं। ठेकेदार के द्वारा जो राशि होती है उससे भी कम में ठेका लेकर निर्माण कार्य करते हैं, लेकिन वार्ड नंबर 10 की नाली का ठेका तय दर से अधिक में दिया गया। इसके बाद भी ठेकेदार के द्वारा खुलेआम घटिया निर्माण किया जा रहा है। वार्डवासियों द्वारा आपत्ति लेने पर नगर परिषद के सब इंजीनियर के द्वारा घटिया निर्माण तोड़ा गया। ऐसे में सवाल यह है कि यदि वार्डवासी आपत्ति नहीं लेते तो एक और निर्माण कार्य घटिया निर्माण की भेट चढ़ जाता।

#### शिकायत मिली थी

वार्ड नंबर 10 नाडी निर्माण में घटिया निर्माण के शिकायत मिली थी। इंजीनियर को भेजकर कार्रवाई की जा चुकी है।

**राहुल शर्मा,**
सीएमओ नगर परिषद सिराली

### ट्राला चालक मौके से फरार

## खंडवा-वडोदरा राजमार्ग पर ट्राले की टक्कर से सब्जी वाले की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

खंडवा-वडोदरा राजमार्ग पर जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर मगरिया फाटे पर ट्राले की भीषण टक्कर में लाखी गांव के सब्जी बेचने वाले की घटना स्थल पर मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 8 बजे हुआ। ट्राला चालक मौके से फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लाखी निवासी सब्जी विक्रेता हरिओम पिता जगन यादव उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम लाखी अलसुबह खरगोन सब्जी मंडी में बाइक से सब्जी लेने पहुंचा था।इस दौरान वह सब्जी लेकर गांव की तरफ लौट रहा था। मगरिया फाटे के पास एक पेट्रोल पंप के सामने यह भीषण हादसा हुआ।

बताया जा रहा है कि कोहरे की वजह से हादसा हुआ है। हादसा इतना भीषण था कि सब्जी वाले के शरीर का निचला हिस्सा पूरी तरह से विक्षिप्त गया। लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल भिजवाया। ट्राला चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर में नंबर प्लेट आरजे 14जीके 4025 मिली। यह टूटकर रोड पर गिर गई जिसे ग्रामीण उठाकर ले आए। जैतपुर पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है।

### मासूम से दरिंदगी का मामला...

## आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो कल बंद रहेगा रहटगांव

**हरदा।** रहटगांव में पांच साल की मासूम से रेप के मामले में दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई है। ऐसे में आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जयस ने 31 दिसंबर को रहटगांव बंद करने का ऐलान किया है। जयस के जिलाध्यक्ष राकेश काकोडिया ने बताया कि पुलिस ने मासूम के साथ दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि दूसरा आरोपी घटना के दिन से ही फरार चल रहा है। उसकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी को मांग को लेकर रविवार को सुबह 11 बजे से धरना प्रदर्शन कर शांति पूर्ण तरीके से रहटगांव बाजार को बंद रखने का आह्वान किया है। गौरतलब है कि आरोपियों ने घर के बाहर खेल रही मासूम से पीने के लिए पानी मांगने के बाद उसे बहला फुसलाकर कर साथ ले गए थे। वहीं पूरी रात अपने पास रखने के बाद गम्भीर हालत में गांव के बाहर के नाले के पास छोड़कर भाग गए। जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए रहटगांव थाना पुलिस ने एक आरोपी की हिरासत में ले लिया था। वहीं नर्मदापुरम संभाग के आईजी इरशाद वलि ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया है।

### एडीआर सेंटर भवन के सभागृह में...


## सेंसेटाईजेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम संपन्न

**हरदा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संपूर्ण बहरूआ विरूद्ध भारत संघ के मामलें में पारित आदेश के पालन में किशोर न्याय अधिनियम के समुचित क्रियान्वयन हेतु समस्त हितधाराकों के लिये शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर के ए.डी.आर. सेंटर भवन के सभागृह में सेंसेटाईजेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में किशोर न्याय अधिनियम के क्रियान्वयन से संबंधित हितधारक जैसे विशेष किशोर पुलिस इकाई पदाभीहित पुलिस अधिकारीगण, महिला एवं बाल विकास विभाग के संबंधित अधिकारीगण, प्रोबेशन अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण को किशोर न्याय अधिनियम, 2015 का बालकों के सर्वोत्तम हित एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुये समुचित क्रियान्वयन तथा सभी हितधारकों में आपसी समन्वय को सुदृढ़ बनाने के लिये प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। ट्रेनिंग के दौरान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रदीप राठौर ने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम के तहत संरक्षण एवं देखरेख की जरूरतमंद बालकों एवं विधि का उल्लंघन करने वाले आपचारी बालकों के सर्वोत्म कल्याण एवं पुनर्वास के लिये हमे केवल ड्यूटी के तौर पर नहीं बल्कि मानवीय सोच को धारित कर कार्य करना होगा। तभी किशोर न्याय अधिनियम के निहित उद्देश्य की प्राप्ति संभव हो सकेगी। सेन्सेटाइजेशन प्रोग्राम में किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान न्यायाधीश प्रियंका सुमन साकेत ने किशोर विधि शास्त्र की व्यवहारिक एवं प्रायोगिक समझ को बताया। कार्यक्रम में विशेष किशोर पुलिस इकाई पदाभीहित पुलिस अधिकारीगण, महिला एवं बाल विकास विभाग के संबंधित अधिकारीगण, प्रोबेशन अधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल अधिवक्ता जवाहर पारे अनीस मोहम्मद खान, अंतिमा चोलकर, पैनल अधिवक्ता एलबीएस चौहान एवं पैरालीगल वालेटियर प्रीति सोनी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार जिला विधिक सहायता अधिकारी अपर्णा लोधी द्वारा किया गया।

# सलोनी अग्रवाल का डिप्टी कलेक्टर पद पर चयन

## अपने पैतृक गांव पहुंचने पर लोगों ने किया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

जैसे ही गांव की बेटी कु. सलोनी अग्रवाल ने यहां पहला कदम रखा, वैसे ही गांववासियों ने पलक पावड़े बिछा दिए और अभिभूत होकर उनका भावभीना स्वागत किया। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में आठवीं रैंक और डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित कु. अग्रवाल पहली बार अपने पैतृक गांव पहुंची थी।

समीपवर्ती ग्राम मांरूगढ़ से उनका वाहनों का काफिला शुरू हुआ तो कई स्थानों पर बेटियों सहित महिलाओं और गांव वासियों का सैलाब उमड़ पड़ा था। कोई हाथ में पुष्प एवं फूलों की मालाएं तो कोई दीप प्रज्वलित थाली से आरती उतारने और मिठाई से मुंह मीठा करने के लिए आतुर दिखाई दिए। सर्वप्रथम शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने बड़े ही उत्साहित होकर उनका पुष्पों से स्वागत किया। वहां चारों ओर पुष्पों की पंखुड़ियां उड़ती हुई दिखाई दी। छात्राओं में आरती जाधव, शीतल सेन, आयुषी शर्मा, रिंकू कनोजे तो उत्साह में अतिरेक थी और उनसे कभी हाथ मिलाती तो कभी कुछ पूछने का प्रयास करती तो उनके शब्द ओठों से बाहर नहीं आ पा रहे थे। इस प्रतिनिधि द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने कहा इसके पहले हमने कुछ सोचा नहीं था। लेकिन हमारे गांव की ही बेटी जब डिप्टी कलेक्टर बन गई तो हमारे सपने भी उड़ान भरने को है और अब हम पढ़ाई में पीछे नहीं रहेगी।

इसके अलावा शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, शासकीय उच्चतर उत्कृष्ट विद्यालय और मॉडल स्कूल की छात्राओं ने भी उनका स्वागत किया। यहां जनपद परिसर में जनपद पंचायत की अध्यक्ष संगीता तेरसिंह नार्वे, एसडीम कनेश, तहसीलदार प्रताप सिंह अजनार और सीईओ महेंद्र कुमार श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधियों ने उनका पुष्पहारों से स्वागत किया। इसके बाद पूरे रास्ते में महिलाओं ने आरती उतारी तो किसी ने मुंह मीठा कराया। वहीं अपने परिजन के साथ यहां पहुंचे और ग्राम टिगरिया के एक बुजुर्ग हुकुमचंद चौहान ने उनका स्वागत कर आशीर्वाद दिया। यहां गुरुद्वारे में सिख समाज ने कु अग्रवाल और उनके परिजनों को सरोपा भेंट कर उनका स्वागत किया। श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष अजीत पाल सिंह भाटिया ने कहा कि यह किसी समाज विशेष की नहीं पूरे गांव की बेटी है और पूरे प्रदेश में उनका सम्मान है। इसलिए इस सम्मान को सीमित रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने बाबा रामदेव की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। वहां उनका बंजारा समाज द्वारा स्वागत किया गया। इनमें सेवाराम तंवर, मंगलम पवार, श्रवण गिरी गोस्वामी, सागरबाई पवार और जमुनाबाई चौहान सहित भारी संख्या में महिलाएं और समाज जन उपस्थित थे। उनका ग्राम पंचायत भवन में भी सरपंच प्रतिनिधि लखन मंडलोई और सचिव सुनील कुमार नायक सहित कई पंचगानों ने उनका स्वागत कर मुंह मीठा कराया। इस मौके पर भी भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# प्रचार वाहन से योजनाओं की दे रहे हैं जानकारी




**हरदा।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुँचाने के लिये भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्वह्व शुक्रवार को जिले के ग्राम बेसवां, हीरापुर, बागरूल, बघवाड़, बिच्छापुर व पोखरनी पहुँची।

यात्रा के दौरान स्कूली छात्राओं व महिलाओं ने कलश यात्रा आयोजित की। इन गांवों में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत चयनित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये तथा योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक ग्रामीणों से योजनाओं के आवेदन भी भरवाये गये। यात्रा के दौरान ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। इस दौरान ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया गया। गांवों में प्रचार वाहन का स्थानीय ग्रामीणों ने स्वागत किया। ग्राम बघवाड़ में कृषि विभाग द्वारा खेतों में नेनो यूरिया का ड्रोन से छिड़काव करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया और किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड वितरित किये गये। ग्राम बिच्छापुर व बघवाड़ में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर गांव के मरीजों को दवाईयां दी गई।

## कार्य में लापरवाही बरतने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी चौहान निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा शहर में 27 दिसम्बर को रात्रि 8 बजे के लगभग घासपुरा मोहल्ला मानसिंग मिल चौराहे के पास (पंधाना) रोड स्थित राजेश उर्फ राजा पंवार पिता बंसत पंवार के घर में अवैध रूप से रिफिलिंग एवं विक्रय करने हेतु रखे गए एल.पी.जी. गैस सिलेण्डरों में विस्फोट हो जाने के कारण आगजनी की घटना घटित हुई, जिसके कारण जानमाल का नुकसान हुआ है। इस घटना की प्रारंभिक जांच में अमित चौहान, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी खंडवा द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन न करना एवं अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरतने के फलस्वरूप म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील), नियम, 1966 के नियम-9 (1) के तहत आयुक्त इंदौर संभाग श्री माल सिंह ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला कार्यालय बुरहानपुर निर्धारित किया गया है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी चौहान को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# भाजपा की जिला बैठक आगामी कार्यक्रमों और कार्ययोजना को लेकर आयोजित




**खंडवा।** भारतीय जनता पार्टी में बैठकों का क्रम निरंतर चलता रहता है इसी के तहत शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष मंडल एवं मंडल महामंत्रियों की बैठक संपन्न हुई। जिला मीडिया प्रभारी मंगलेश सिंह तोमर ने बताया कि इस बैठक इस बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई जैसे की आगामी कार्यक्रम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री उद्यम क्रांति लोन जिसमें 10000 से लेकर 5 लाख तक ऋण 0% पर उपलब्ध कराया जाएगा नमो एप एवं मध्यप्रदेश में हुई भाजपा की विजयश्री हेतु भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के नाम देश के यशस्वी प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी का आभार प्रस्ताव भी सर्व सहमति से ॐ की ध्वनि से पास हुआ। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि आओ जी जिला बैठक में राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश के मार्गदर्शन में आभार प्रस्ताव के साथ पार्टी की आगामी कार्यक्रम को लेकर पार्टी पदाधिकारी ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए अपने विचार विचार रखें पार्टी के आगामी कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करें महत्वपूर्ण रूप से 51% मतदान का लक्ष्य लोकसभा में प्राप्त करना है मोदी की गारंटी के विश्वास को लेकर लक्ष्य तय किया गया सभी मोर्चा के और प्रकोष्ठों की पदाधिकारी बूथों का विश्लेषण करें, दीवार लेखन वॉल पेंटिंग हर बुथ पर करवाए, चुनाव को लेकर मतदाता चेतना अभियान चलाएं, 22 जनवरी राम मंदिर शुभारंभ के अवसर पर प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर जाकर दीपक जलाने और हर घर में दीपावली मनाने का आग्रह करें।

बैठक में जिलाध्यक्ष सेवादास पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष हरीश कोटवाले, जिला महामंत्री राजेश तिवारी, अरुण सिंह मुन्ना, सूरज पाल सिंह, महापौर अमृता यादव, जिला उपाध्यक्ष संतोष सोनी, वीरेंद्र चौरे, राहुल मेहता, श्याम सिंह मौर्य, जिला मंत्री जितेंद्र सिंह मंडलोई, रक्षा प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष गणेश गुरबाणी, जिला मीडिया प्रभारी मंगलेश सिंह तोमर पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सुनील जैन जिला आईटी संयोजक श्रृंगी उपाध्याय जिला सोशल मीडिया संयोजक भारत पटेल मोर्चा अध्यक्ष गोपाल सोनी अनूप पटेल दशरथ कलमें राजेंद्र सिंह राठौर आदि रहे मौजूद।

# मनरेगा आयुक्त चैतन्य ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा



**खंडवा।** मनरेगा आयुक्त एस कृष्ण चैतन्य द्वारा शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, परियोजना अधिकारी मनरेगा, परियोजना अधिकारी वाटरशेड, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यालय अधिकारी, एपीओ, एएओ, सहायक यंत्री एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में आयुक्त चैतन्य द्वारा मनरेगा और वाटरशेड के कार्यों की समीक्षा की गई एवं उन्हें और बेहतर किए जाने हेतु निर्देश दिए। साथ ही विभाग में प्राप्त होने वाली सी.एम. हेल्पलाइन के शिकायतों का समय पर निराकरण करने का निर्देश दिए। बैठक के बाद आयुक्त चैतन्य द्वारा खंडवा जिले की जनपद पंचायत छैगांव माखन का भ्रमण किया गया। ग्राम छैगांवदेवी में पंचायत भवन का निरीक्षण किया तथा ग्राम दोंदवाड़ा में वृक्षारोपण कार्य को देखा। ग्राम छैगांवमाखन में जन भागीदारी से निर्मित तालाब का निरीक्षण किया। आयुक्त चैतन्य ने ग्राम नावली में कंटूर ट्रेंच और अमृतसरोवर का निरीक्षण एवं ग्राम बेड़ियाा खुर्द में वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण किया।

# श्याम बाबा...श्याम बाबा तेरे पास आया हूं, चरणों मे तेरे अरदास लाया हूं...

## खाटू श्याम भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खण्डवा



श्याम बाबा श्याम बाबा तेरे पास आया हूं, चरणों में तेरे अरदास लाया हूं ... भर दे रे श्याम झोली भर दे भर दे ना बहलावो बातों में, तेरा किसने किया सृंगार सांवरे लगे दूल्हा से तू दिलदार सांवरे... बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय। यह वो भजन थे जिन्होंने गुरुवार रात को श्याम प्रेमियों को देर रात तक बांधे रखा।स समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि भजन गायिका गिन्नी कौर मुंबई और संदेश राही ने 'हम हारे-हारे-हारे हम हारे' के सहारे सहित कई भजनों से बाबा का गुणगान किया।

गायक अमित पारीक और शुभम रूपम ने \'कीर्तन की है रात बाबा, आज तने आनो है भजन पर सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वीर बर्बरीक सेना के तत्वावधान में इंदौर रोड पर गुरुवार को श्री 2 श्याम वंदना भजन संध्या का आयोजन किया। खाटू श्याम कीर्तन में देर रात तक भक्त झूमते रहे। कीर्तन में श्याम प्रेमियों ने नृत्य कर बाबा को मनाया कीर्तन से पहले खाटू श्याम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। बाबा की ज्योति जलाई और उन्हें भोग लगाया। भजन संध्या से पहले बजरंग चौक से श्री श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली गई। जो प्रमुख मार्गों से होती हुई इंदौर रोड भजन संध्या स्थल पहुंची। भजन संध्या में श्याम प्रेमियों के लिए भोजन प्रसादी की भी व्यवस्था की गई , आयोजित भजन संध्या में वीर बर्बरीक सेना के हुकुम वर्मा, संदीप वर्मा, अमित सिंह तोमर, शेखर वर्मा, सुनील जैन, राहुल भावसार, पं. नवीन शर्मा, मयंक वर्मा, गोल्डी वर्मा, चेनसिंग वर्मा, आनंद वर्मा, शक्ति वर्मा, पप्पू गुप्ता सहित हजारों की संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित थे।